पुस्तके क्रय करने हेतु निविदा

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमांक / पुस्तकालय / 2023 / 802

दिनांकः 29.12.2023

## पुस्तकें क्रय करने हेतु ई–निविदा वर्ष 2023/24 से 2025/26 तक

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, म.प्र. के केंद्रीय पुस्तकालय एवं विभिन्न अध्ययनशालाओं के लिए विश्वविद्यालयीन बजट एवं अन्य उपलब्ध मद आदि से वर्ष 2023–24 से 2025–26 के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक विक्रेताओं से मुहरबंद ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है :–

| | |
|---|---|
| टेण्डर फार्म आनलाइन द्वारा क्रय करने की तिथि | : दिनांक 03.01.2024 से 23.01.2024 समय 17:00 बजे तक |
| आनलाइन बिड भरने की तिथि | : दिनांक 03.01.2024 से 23.01.2024 समय 17:00 बजे तक |
| विश्वविद्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम दिनांक | :दिनांक 24.01.2024 को कार्यालयीन समय में अथवा इसक पूर्व (स्पीडपोस्ट / स्वयं द्वारा) प्राप्त हो जाने चाहिये। |
| निविदा (तकनीकी बिड) खोलने की तिथि | : दिनांक 29.01.2024 को अपरान्ह् 03.00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | : 3000/– (रूपये तीन हजार मात्र) वापसी योग्य नही। ऑनलाईन जमा कर रसीद संलग्न करें। |
| धरोहर राशि | : 3,00,000/– (रूपये तीन लाख मात्र) ऑनलाईन जमा कर रसीद संलग्न करें। |

नोट :– ई–निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा, यह केवल http:// **www. mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा ।

आदेशानुसार

कुलसचिव

(1)

# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023/24 से 2025/26 तक

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतगर्त प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशी प्रकाशन, विभिन्न संस्थागत/सोसाइटी /एन.जी.ओ. प्रकाशन आदि की पाठ्य–पुस्तकों/शोधग्रंथों/संदर्भ ग्रथों/पाठ्य–साम्रगी नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीयबजट, विश्वविद्यालय के केंद्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वर्ष 2023–26 एवं आगामी वर्षों के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर/(डिस्काउंट रेट) के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 3,000/– (रुपये तीन हजार मात्र) (वापसी योग्य नहीं) मात्र है, एवं सुरक्षानिधि रु. 3,00,000/–(रुपये तीन लाख मात्र) ऑनलाईन जमा कर रसीद संलग्न करें। निविदा से संबन्धित समस्त जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं शर्तों को वेब साइट http://www.vikramuniv.ac.in पर देखा जा सकता है जिसे डाउनलोड भी किया जा सकता है।

लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः "पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–26" अंकित होना चाहिए तथा इसे कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश 456010 के पते पर भेजा जाना चाहिये।

## भाग – 1

## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 (क) प्रथम वर्ष केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु 80,00,000/– एवं विधि अध्ययनशाला हेतु 10,00,000/– की पुस्तकें क्रय की जाना है।

(ख) वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 की राशि बजट अनुसार उपलब्ध होगी।

1.2 पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा को दो लिफाफा पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।

(क) लिफाफा "अ" – जमा राशि (सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1")

(ख) लिफाफा "ब" – तकनीकी विवरण (समस्त संलग्नक, निविदा प्रपत्र एवं प्रपत्र "ए–2")

1.3 प्रत्येक लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः लिफाफा "अ"/लिफाफा "ब" अंकित होना चाहिए।

1.4 उपरोक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में रखें जिसके ऊपर लिखें –

"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–26"

1.5 निविदाएँ कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के पते पर केवल स्पीड/रजिस्टर्डद्वारा पोस्ट स्वीकार की जायेंगी।

1.6 पूर्णतः भरे हुए दस्तावेजों को दिनांक 24.01.2024 तक कार्यालयीन समय में कुलसचिव कार्यालय विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश में जमा किया जा सकता है।

1.7 निविदा जमा करने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त किये गये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

1.8 अंतिम दिनांक के पश्चात दिनांक 29.01.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तकनीकी निविदाएँ खोली जायेंगी।

1.9 यदि निविदा खुलने के दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा समिति के सदस्य उपस्थित नही हो पाते हैं तो आगामी कार्यदिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

1.10 प्रक्रिया–1: सर्वप्रथम लिफाफा "अ" सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1" का लिफाफा खोला जायेगा।

1.10.1 लिफाफा "अ" में

- ✓ प्रपत्र "ए–1" एवं
- ✓ निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 3,000=00 (रुपये तीन हजार मात्र) आनलाइन रसीद।
- ✓ सुरक्षा निधि रुपये 3,00,000=00 (रुपये तीन लाख मात्र) आनलाइन रसीद।

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2022–2023, 2021–22 अथवा 2020–2021 में किसी भी एक वित्तिय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालयमें एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. 80 लाख मूल्य की छपी हुई पुस्तकों (Print Books) को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वर्ष के एकल आदेश की प्रति एवं उसके संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाणपत्र की प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता का औसत टर्नओवर पिछले तीनों वित्तीय वर्षों में कम से कम रु. 2 करोड़ रहा हो। पिछलें तीनो वित्तीय वर्षो का चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र एवं आडिटेड बैलेन्स शीट एवं व्यापार तथा लाभ–हानि खाते के सहित तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.3निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षो में किसी भी तीनकेंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में छपी हुई पुस्तकों (Print Books) की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो। इनके आदेश तथा संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–प्रत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रु. 500 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। इसे तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.5आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष (2023–24, 2022–23, 2021–22) का प्रमाण पत्र/ विवरण की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.6 निविदाकर्ता के आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN) की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय/ शोरूम हो। इस हेतु वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.8 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नहीं किया जाएगा।

2.9 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

2.10 सत्र 2023–26 के उपरांत उपरोक्त निविदा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से आगामी वर्षों के लिए और निरन्तर की जा सकती है।

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों जहाँ का आदेश प्रसारित किया गया हो में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्करण की नही पायी जाती हैं या फोटोकॉपी पुस्तकें पायी जाती हैं या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपी राइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी।

3.2 मार्ग में हुई किसी भी प्रकार की हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक/आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.3 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में कन्वर्शन रेट आर.बी.आई/एस.बी.आई रेट (RBI/SBI Rate) के अनुसार लागू होगा।

3.4 निविदाकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाड़ा, ढुलाई व्यय, सुपुर्दगी व्यय या अन्य समस्त व्यय वहन करेंगे। "टू पे" या "वी.पी.पी." बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.5 निविदाकर्ता पुस्तकें प्रदान करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे जिससे पुस्तकों को रखने की व्यवस्था पूर्व से ही की जा सके।

3.6 अधिकतम छूट (डिस्काउंट दर) आधार एवं निविदा की अन्य शर्तों को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को शपथ पत्र रु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा।

3.7 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक पृथक दिये जा सकेंगे।

3.8 यदि एक ही डिस्काउंट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते हैं तो समस्त सफल निविदाकर्ताओं का नाम पंजीबद्ध किया जावेगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए समस्त निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.9निविदाकर्ता यदि आदेश में दी गयी अवधि में पुस्तकें/संदर्भ ग्रंथ आादि प्रदाय नहीं कर पाता है तो विश्वविद्यालय अन्य किसी भी विक्रेता से पुस्तकें क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगा।

3.10 निविदाकर्ता जो तकनीकी अर्हताएँ पूर्ण करते हैं एवं सफल निविदाकर्ता द्वारा मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने में रूचि रखते हैं वे भी विश्वविद्यालय में अपना नाम रजिस्टर कर सकेंगे जिससे विश्वविद्यालय के पास मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पुस्तक विक्रेता रजिस्टर हो सकेंगे। इस हेतुरूचि रखने वाले निविदाकर्ता के आदेश प्रसारित होने के 15 दिवस में आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। किस निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

भाग–3 निरंतर...................

(5)

## भाग –3
## निविदा की अन्य शर्तें (निरंतर)

3.11 निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की गई पुस्तकें सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेशविक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेशद्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश. के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.12 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट मूलत : एक माह में लौटा दिए जायेंगें।

3.13 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.14 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के पास सुरक्षित रहेगा।

3.15 निविदा की शर्तो में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.16 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश का होगा।

3.17 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार उज्जैन (मध्य प्रदेश) न्यायालय होगा।

3.18 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तो का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

लिफाफा 'अ' में संलग्न करें

प्रपत्र ए–1

(निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि)

प्रति,

कुलसचिव,

विक्रम विश्वविद्यालय,

उज्जैन, मध्य प्रदेश,

**विषयः– पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–24 से 2025–26 निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि की राशि बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत हमारे द्वारा लिफाफा 'अ' में दो आनलाइन रसीद संलग्न है जो कि कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश के पक्ष में देय हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

(1) निविदा राशि का मूल्य रुपये 3,000=00 (रुपये तीन हजार मात्र)

(2) सुरक्षा निधि की राशि का आनलाइन रसीद मूल्य रूपये 3,00,000=00 (रुपये तीन लाख मात्र)

प्रत्येक आनलाइन रसीद के पीछे लिखा हैः–

क–"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–26"

ख–फर्म की सील

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

(7)

लिफाफा 'ब' में संलग्न करें

प्रपत्र ए–2
(निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन, मध्य प्रदेश

**विषयः– पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–26 संस्था की जानकारी बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर मोबाईल एवं लेन्डलाईन | |
| 06 | पेनकार्ड नम्बर | |

**प्रमाण–पत्र**

**मैं/हम निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग "1","2" एवं "3" में दी गई समस्त शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ और समझ लिया है और मुझे/हमें निविदा की समस्त शर्ते मान्य एवं स्वीकार है मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि निविदा की समस्त शर्तो के अनुसार पुस्तकें प्रदान करने हेतु तैयार है।**

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

(8)

प्रपत्र ए–3
(वित्तीय निविदा)

पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2023–26

| क्रं0 | | विवरण | छपे हुए मूल्य पर दी जाने वाली छूट दर प्रतिशत में (Discount Rate in % ) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंकों में | शब्दों में |
| 1. भारतीय प्रकाशन | | पुस्तकें /शोध/संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| | पेपर बाउंड | | | |
| | हार्ड बाउंड | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. विदेशी प्रकाशन | | पुस्तकें /शोध/संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| | पेपर बाउंड | | | |
| | हार्ड बाउंड | | | |

| | | |
|---|---|---|
| शासकीय/सोसाइटी/इन्स्टीट्यूशनल/एन.जी.ओ. आदि पब्लिकेशन | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रतिनिधि का नाम ____________________

फर्म का नाम ____________________